# दिल्ली विकास प्राधिकरण

**प्रेस निविदा सूचना सं. 17/एफ.ओ.टू सी.ई. (ई.एल) 2008–09**

**फायर अलार्म एवं पी.ए. सिस्टम, डी.जी.सेट तथा डाउन कमर फायर फाइटिंग सिस्टम के लिए पूर्व–योग्यता**

अधिशासी अभियंता (विद्युत), विद्युत डिवीजन–8 दि.वि.प्रा. 21 वीं मंजिल, विकास मीनार, नई दिल्ली–110002 द्वारा दि.वि.प्रा. की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए निविदाएं जारी करने हेतु विशेषज्ञ फर्मों/ठेकेदारों से पूर्व–योग्यता हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत<br>अग्रिम जमा राशि<br>निविदा प्रपत्रों का मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | पीतमपुरा में आंतरिक विकास सहित 216 एच.आई.जी. आवासीय इकाइयों (बहु–मंजिली) का निर्माण।<br>उपशीर्ष: फायर अलार्म एवं पी.ए. सिस्टम की सप्लाई तथा संस्थापन। | रु० 27,38,853/–<br>रु० 54,777/–<br>रु० 500/– | 3 महीने |
| 2. | पीतमपुरा में आंतरिक विकास सहित 216 एच.आई.जी. आवासीय इकाइयों (बहु–मंजिली) का निर्माण।<br>उपशीर्ष: अनिवार्य सेवाओं के लिए डी.जी.सेट की सप्लाई और संस्थापन–160 के बी.ए. क्षमता | रु० 37,34,756/–<br>रु० 74,695/–<br>रु० 500/– | 3 महीने |
| 3. | पीतमपुरा में आंतरिक विकास सहित 216 एच.आई.जी. आवासीय इकाइयों (बहु–मंजिली) का निर्माण।<br>उपशीर्ष: डाउन कमर फायर फाइटिंग सिस्टम की सप्लाई, संस्थापन, जांच एवं प्रारम्भ | रु० 72,09,216/–<br>रु० 1,44,184/–<br>रु० 1000/– | 3 महीने |

आवेदक निविदा जारी कराने के लिए अपनी पात्रता के समर्थन में निम्नलिखित प्रलेख प्रस्तुत करें।

**(क)** उपरोक्त कार्यों के लिए 30 जून 2001 या उसके बाद केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/सरकारी उपक्रम/स्वशासी निकायों में किए गए संबंधित कार्यों के लिए कम से कम अधिशासी अभियंता के रैंक के द्वारा जारी कार्य–समापन प्रमाणपत्र तथा 3 ऐसे कार्यों जिनमें से प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत के 40% से कम न हो या दो कार्यों जिनमें से प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत के 60% से कम न हो या एक कार्य जिसकी लागत अनुमानित लागत की 80% हो, पूरा करने के प्रमाण की स्व–सत्यापित प्रतियां।

**(ख)** प्रत्येक कम से कम 60% या अधिक क्षमता के डी.जी. सेट सहित उक्त 'क' में उल्लिखित कार्यों के समापन प्रमाणपत्रों पर पूर्व–योग्यता के लिए विचार किया जाएगा, इसलिए प्रत्येक डी.जी.सेट की क्षमता कार्य समापन की तारीख तथा किए गए कार्य की राशि के उल्लेख रहित कार्य समापन प्रमाणपत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

**(ग)** उक्त उल्लिखित कार्यों के पात्रता मानदण्ड के लिए मामलों की जांच के दौरान किसी फर्म द्वारा पहले कभी किए गए कार्य का मूल्य किए गए कार्य का मूल्य 7% प्रति वर्ष की दर से बढ़ाकर वर्तमान लागत स्तर पर लाया जाएगा (संयोजित किए बिना कार्य समापन की वास्तविक तारीख से वर्तमान तारीख तक परिकलित)

**(घ)** आई.ई.नियमो के अनुसार बैधुत ठेकेदार का लाइसेंस

2. विभाग कोई कारण बताए बिना किसी भी प्रत्याशित आवेदनपत्र को रद्द करने और निर्धारित मानदण्ड पूरा करने वाली बोलियां अधिक संख्या में प्राप्त होने पर योग्य ठेकेदारों की सूची को एक उपयुक्त समझी गई संख्या तक सीमित करने का अधिकार रखता है।

3. योग्य आवेदकों को, क्रम.सं. 1 एवं 2 के कार्य के लिए 500/– रु. की लागत पर तथा क्र.सं. 3 के कार्य के लिए 1000/– रु० की लागत पर निविदाएं खरीदने के लिए सूचित किया जाएगा।

4. प्रत्येक कार्य के लिए आवदेनपत्र प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग संलग्नकों के साथ अलग–अलग लिफाफों में भेजें।

5. आवेदनपत्र स्वीकार करने की अंतिम तारीख 22.09.2008 है।

6. यह विज्ञापन वेबसाइट **www.dda.org.in** पर भी प्रकाशित किया गया है।

**कृपया दि.वि.प्रा. की वेबसाइट www.dda.org.in देखें**